# बन्नरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान में सफारी बस पर अचानक चढ़ा तेंदुआ, वीडियो वायरल



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु के समीप बन्नरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के एक समूह के लिए सफारी का रोमांच उस समय डर में बदल गया जब एक तेंदुआ उनकी बस की खिड़की पर अचानक चढ़ गया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें तेंदुआ न केवल खिड़की पर चढ़ने की कोशिश करते हुए दिखायी दे रहा है बल्कि उसे खिड़की से भयभीत पर्यटकों की ओर झांकते हुए भी देखा जा रहा है। बाद में तेंदुए ने बस के ऊपर चढ़ने की कोशिश की। हालांकि, चालक ने धीरे-धीरे बस आगे बढ़ानी शुरू की और बाद में तेंदुआ जंगल की ओर लौट गया। अधिकारियों के अनुसार, एक सफारी के दौरान रविवार को यह घटना उस वक्त हुई जब चालक ने वन्यजीवों को करीब से दिखाने के लिए बस आगे बढ़ायी। तभी अचानक एक तेंदुआ बस की खिड़की पर चढ़ गया। पर्यटकों ने इस घटना को कैमरे में कैद कर लिया। एक अधिकारी ने बताया, पर्यटक स्तब्ध रह गए और शुरुआत में डर गए लेकिन जल्द ही वे इसका आनंद उठाने लगे। तेंदुए के अचानक आने से थोड़ी देर के लिए भय की स्थिति बन गयी लेकिन पर्यटक जल्द ही संभल गए और इस दुर्लभ दृश्य का आनंद उठाने लगे। चूंकि सभी सफारी वाहनों में जालीदार खिड़कियां होती हैं तो वे (पर्यटक) सभी सुरक्षित थे। कोई अनहोनी नहीं हुई।

# मुडा घोटाले से संबंधित 'फाइल स्थानांतरित' करने पर मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आरटीआई (सूचना का अधिकार) कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण फाइल और दस्तावेजों को कथित रूप से स्थानांतरित करने के मामले में राज्य के शहरी विकास मंत्री बैयरती सुरेश के खिलाफ सोमवार को शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन को सौंपी गई शिकायत में कृष्णा ने मैसूरु के लोकायुक्त के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुजीत पर भी इस साल जुलाई में दस्तावेजों को स्थानांतरित करने में मंत्री के साथ ''साठगांठ'' करने का आरोप लगाया। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि जब एमयूडीए घोटाला सामने आया था तब तत्कालीन मैसूरु लोकायुक्त एसपी सुजीत ने शहरी विकास मंत्री को कथित तौर पर सतर्क किया था जिसके बाद मंत्री हेलीकॉप्टर से मैसूरु पहुंचे और घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण फाइल एवं दस्तावेज ले गए। सुजीत ने इन फाइल को स्थानांतरित करने में मंत्री की कथित तौर पर मदद की थी। लोकायुक्त पुलिस ने अदालत के आदेश के बाद एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रवर्तन निदेशालय ने राज्य लोकायुक्त की एक हालिया प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए सिद्दरामय्या, उनकी पत्नी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ एमूयडीयू भूमि आवंटन मामले के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है।



सोमवार को बेंगलूरु में 'कृष्णा' में सरकारी स्तर पर विभिन्न विभागों की नियुक्तियों पर प्रगति समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या।

### मुख्यमंत्री ने 34863 रिक्त पदों को समय-सीमा में भरने के दिए निर्देश

# भर्ती प्रणाली में व्यापक सुधार की जरूरत : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने राज्य में भर्ती प्रणाली में व्यापक सुधार लाने और यूपीएससी मॉडल पर एक समान भर्ती प्रणाली लागू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने आज 'कृष्णा' में सरकारी स्तर पर विभिन्न विभागों में नियुक्तियों की प्रगति की समीक्षा की। भर्ती प्रक्रिया में सुधार को लेकर पिछले सप्ताह सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी भर्ती प्राधिकारियों की बैठक हुई थी। मुख्यमंत्री ने बैठक में की गयी अनुशंसाओं की समीक्षा कर सुधारात्मक उपाय लागू करने का निर्देश दिया। यूपीएससी केवल ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों के लिए भर्ती कर रहा है। इसी तरह, केपीएससी द्वारा केवल ग्रुप ए और बी के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित करने और केईए द्वारा ग्रुप सी जैसी अन्य भर्तियों के लिए भी चर्चा की गई है।मुख्यमंत्री ने 371जे के संबंध में कल्याण कर्नाटक के मूल निवासियों के लिए आरक्षित सीधी भर्ती के पदों को भरने के संबंध में 2023 में जारी परिपत्र का पालन करने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों में रिक्त 34863 पदों को भरने के लिए समय सीमा तय कर भर्ती प्रक्रिया के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने आवश्यक सेवा वाले विभागों में भर्ती को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये।

भर्ती के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार करने की कठिनाई को दूर किया जाना चाहिए। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में संबंधित विभाग भर्ती के लिए रिक्त पदों के संबंध में वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को समय-सीमा में वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त कर पूरा करने के लिए एक समान कैलेंडर तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया का केरल मॉडल पर भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। पीएसआई भर्ती में सबसे पहले फिजिकल टेस्ट और एक्साइज विभाग की भर्ती में सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। उन्होंने पीएसआई भर्ती में भी आबकारी विभाग का मॉडल अपनाने पर समीक्षा करने के निर्देश दिये। भर्ती नियमों में संशोधन नहीं होने से प्रदेश के 41 विभागों की भर्तियों में देरी हो रही है। कुछ विभागों में, सीआर में दशकों से संशोधन नहीं किया गया था। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने सभी विभागों की सुविधा के लिए मॉडल सी एवं आर तैयार करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के साथ बैठक में मंत्री जी परमेश्वर, एचके पाटिल, प्रियंका खरगे, दिनेश गुंडुराव, डॉ. शरण प्रकाश पाटिल, मधु बंगारप्पा, बैरती सुरेश, डॉ. एम.सी. सुधाकर, मुख्य सचिव, सरकार शालिनी रजनीश, उप मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एल.के. अतीक, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नसीर अहमद, कानूनी सलाहकार एएस पोन्नन्ना, महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

# सिद्दरामय्या जातिवार जनगणना के जरिए 'मुडा' से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या अपने खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में लोगों का ध्यान भटकाने के लिए जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को सामने लाकर ''नाटक'' करने की कोशिश कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए अपनी गलतियों को ढकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस रिपोर्ट की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाया जो करीब 10 साल पहले तैयार की गई थी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सिद्दरामय्या ने आज पिछड़ा वर्ग समुदायों के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक की। बताया जाता है कि उन्होंने सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वे रिपोर्ट पर चर्चा की, जिसे जाति आधारित ''जनगणना'' के रूप में जाना जाता है। राज्य के गृह मंत्री जी परवेश्वर ने रविवार को कहा था कि सरकार ने कैबिनेट के समक्ष जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट रखने का निर्णय लिया है, जहां इस पर चर्चा की जाएगी और यह फैसला किया जाएगा कि इसे विधानमंडल में रखा जाए या इसे सीधे लोगों के बीच।

कुमारस्वामी ने कहा, (एच) कंथाराजू समिति (जाति आधारित जनगणना के लिए) कब बनी थी? शायद 2014 में बनी थी। दस साल हो गए हैं। जाति आधरित जनगणना करीब दस साल पहले हुई थी। इस अवधि के



दौरान कई तरह के विकास और बदलाव हुए हैं....पुरानी जनगणना रिपोर्ट को जारी नहीं किया गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि एक दशक पहले की गई इस जाति आधारित जनगणना से किसी भी समुदाय को कोई लाभ नहीं होगा।

कुमारस्वामी ने कहा, ''मुझ पर (कांग्रेस द्वारा) आरोप लगाया गया कि मैंने रिपोर्ट जारी नहीं होने दी। सिद्दरामय्या को (जयप्रकाश हेगड़े समिति द्वारा) रिपोर्ट सौंपे हुए कितना समय हो गया है? यह संसदीय चुनाव से पहले दी गई थी। अब तक इस पर कोई चर्चा नहीं थी और अब एमयूडीए घोटाले की पृष्ठभूमि में यह सरकार लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है तथा जातिवार जनगणना की आड़ लेकर बचना चाहती है।''

यह रिपोर्ट 2014-15 में राज्य भर से जुटाये गए आंकड़ों पर आधारित है। इसे समाज के कुछ वर्गों और सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर से भी आपत्तियों के बीच प्रस्तुत किया गया।

कर्नाटक के दो प्रमुख समुदाय 'वोक्कालिगा और लिंगायत' इस (जाति आधारित) सर्वेक्षण पर आपत्ति जताते हुए इसे ''अवैज्ञानिक'' करार दे चुके हैं तथा उनकी मांग है कि इसे खारिज किया जाए और नया सर्वेक्षण कराया जाए। सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार (2013-2018) ने 2015 में 170 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से राज्य में यह सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बी. के. हरिप्रसाद के रविवार को कहा था कि जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए और लागू किया जाना चाहिए, भले ही इसके कारण सरकार गिर जाए। उनके इस बयान पर कुमारस्वामी ने कहा, उन्हें (कांग्रेस को) जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर चुनाव में जाने दीजिए। वे विधानसभा भंग करें और इसे लागू करने का वादा करते हुए एक बार फिर चुनाव मैदान में जाएं। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा की गई गलतियों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए उन्होंने जाति आधारित जनगणना के संबंध में ''नाटक'' शुरू कर दिया है।



सोमवार को तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई स्थित अरुणाचलेश्वर मंदिर का दौरा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने किया।

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने भगवान अरुणाचलेश्वर का आशीर्वाद लिया

तिरुवन्नामलाई/दक्षिण भारत। सोमवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने तिरुवन्नामलाई में भगवान अरुणाचलेश्वर का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि मैंने 2023 में विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले इस मंदिर में भगवान अरुणाचलेश्वर का आशीर्वाद लिया था। मैंने भगवान से प्रार्थना की थी कि वे मुझे राज्य में अच्छा प्रशासन देने की शक्ति दें। मैं राज्य के कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद लेने के लिए फिर से यहां आ रहा हूं। मंदिर में पूजा करने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा, यह लोगों का प्यार है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की वास्तुकला अद्भुत है और कारीगरों ने 1000 साल पहले ही इतना बढ़िया काम किया था। तमिलनाडु सरकार द्वारा मंदिर का रखरखाव मेरी पिछली यात्रा की तुलना में उत्कृष्ट है। मुझे खुशी है कि मैंने एक साल बाद फिर से मंदिर का दौरा किया।



# दपरे ने सतर्कता और असुरक्षित घटनाओं को रोकने में तत्परता के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत । यहां दक्षिण पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने सोमवार को विभागाध्यक्षों के साथ सुरक्षा बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा पुरुष पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्य में खुद को प्रतिष्ठित किया और अपनी अनुकरणीय सुरक्षा चेतना और सूझबूझ का परिचय दिया, जिससे दक्षिण पश्चिम रेलवे में असामान्य दुर्घटनाएँ टल गईं।

महाप्रबंधक के 17 लोगों को सम्मानित किया। बैठक के दौरान दक्षिण पश्चिम रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी के सक्रिय होते ही भाजपा और नरेंद्र मोदी हो उठे हैं परेशान : ईश्वर खांडरे

बेंगलूरु। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा था कि राहुल गांधी जब विपक्ष के नेता बने, तो मुझे लगता कि सुधर जाएंगे, मगर वह तो और भी बिगड़ गए हैं। पहली बार ऐसा हुआ कि लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री को बोलने नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री के भाषण के समय में वह वेल में कूद गए। क्या भारत के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री के बोलते समय ऐसा व्यवधान डाला गया है? वह देश विरोधी बातें करते हैं और देश विरोधियों के साथ खुलेआम घूमते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांडरे ने राहुल गांधी के उदय से भाजपा में बेचैनी की बात कही।

उन्होंने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, राहुल गांधी के उदय के बाद से ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी और बीजेपी परेशान हैं। जैसे ही राहुल गांधी ने सक्रियता दिखाई, उनकी आवाज को सुनने का दबाव बढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं, इनमें बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और महिलाओं की सुरक्षा शामिल हैं। बीजेपी अब इन मुद्दों पर विचार कर रही है, जो उनकी सक्रियता का परिणाम है। राहुल गांधी ने जो 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून का मुद्दा उठाया था, उस पर भी बीजेपी को विचार करना पड़ा। यह सब दर्शाता है कि राहुल गांधी की आवाज का असर हो रहा है। किसान अगर राहत प्राप्त कर रहे हैं, तो उसका श्रेय राहुल गांधी को जाता है। उन्होंने कहा, किरण रिजिजू ने एक और बात कही कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ओबीसी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी उनकी मुख्य समस्याओं को समझते नहीं हैं। लेकिन सच यह है कि कांग्रेस ने इस देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को आगे बढ़ाया है। महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण देने का काम किसने किया?

# विजयेंद्र येडीयुरप्पा की मंत्री जारकीहोली से मुलाकात के बाद राजनीतिक अटकलें तेज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश ने सोमवार को प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली से अलग-अलग मुलाकात की जिसके बाद राजनीतिक कयास लगने शुरू हो गए। लोकायुक्त पुलिस द्वारा मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद हो रहीं अनेक राजनीतिक चर्चाओं के बीच ये बैठकें हुईं। इनसे इन अटकलों को बल मिला कि विधान सौध में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर प्रयास हो रहे हैं।

भाजपा नेता विजयेंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने शिकारीपुरा से विधायक होने के नाते अपने क्षेत्र में कुछ लोक निर्माण कार्य कराने के लिए जारकीहोली से मुलाकात की।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने मंत्री के साथ खासकर मुख्यमंत्री बदलने की संभावना पर, कोई राजनीतिक चर्चा की, तो विजयेंद्र ने कहा कि भाजपा सिद्दरामय्या से इस्तीफा देने की मांग कर रही है ताकि एमयूडीए घोटाले और कर्नाटक वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले की पारदर्शी जांच हो सके।

उन्होंने कहा, आप देख सकते हैं कि सिद्दरामय्या सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं, राज्य में अराजकता व्याप्त है और लोगों का इस सरकार पर से विश्वास भी उठ गया है। बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा सीट से तीन बार कांग्रेस सांसद रहे सुरेश ने भी जारकीहोली से अपनी मुलाकात की लगभग ऐसी ही वजह बताई और कहा कि उन्होंने कनकपुरा और आसपास के क्षेत्रों में निर्माण कार्य के संबंध में मंत्री से मुलाकात की।

जब सुरेश से पूछा गया कि क्या उन्होंने राजनीतिक चर्चा की तो उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। सुरेश ने कहा, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई जिसे मीडिया के साथ साझा किया जा सके। बैठक को लेकर अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए जारकीहोली ने कहा कि लोगों को इन बैठकों का अधिक मतलब नहीं निकालना चाहिए क्योंकि दोनों नेता अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यों के लिए मिलने आए थे।



# केएसआरटीसी अपने बेड़े में 20 लग्जरी बसें शामिल करेगी

बेंगलूरु। कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) इस महीने के अंत तक अपने बेड़े में 20 लग्जरी (ऐरावत क्लब क्लास 2.0 मॉडल) बसें शामिल करेगा, जिनमें से प्रत्येक की कीमत 1.78 करोड़ रुपये होगी। निगम ने सोमवार को यह घोषणा की। केएसआरटीसी ने बताया कि उसके बेड़े में इस समय 443 लग्जरी बसें हैं।

अधिकारियों के अनुसार परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने केएसआरटीसी के अध्यक्ष एस आर श्रीनिवास (वासु) के साथ नयी बसों का निरीक्षण करने के लिए होसकोटे के पास वोल्वो बस निर्माण कारखाना का दौरा किया। निगम ने बताया कि नयी बसों की लंबाई उक्त श्रेणी की बसों से 3.5 प्रतिशत अधिक होगी जिससे यात्रियों के लिए सीट के बीच अधिक स्थान उपलब्ध होगा।

# कर्नाटक कैबिनेट जाति आधारित जनगणना पर 18 को चर्चा कर सकती है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को कहा कि सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट 18 अक्टूबर को चर्चा के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखी जाएगी और सरकार बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आगे का कदम उठाएगी। सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट को जाति जनगणना के नाम से भी जाना जाता है। कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने तत्कालीन अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व में 29 फरवरी को रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को सौंपी थी। रिपोर्ट समाज के कुछ वर्गों और सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर आपत्तियों के बीच प्रस्तुत की गई थी। कर्नाटक के दो प्रमुख समुदायों 'वोक्कालिगा और लिंगायत' ने सर्वेक्षण पर आपत्ति जताते हुए इसे ''अवैज्ञानिक'' बताया है और मांग की है कि इसे खारिज किया जाए और एक नया सर्वेक्षण कराया जाए। सिद्दरामय्या ने सोमवार को पिछड़ा वर्ग समुदाय के मंत्रियों और विधायकों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि बैठक में सांसदों को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन कोई नहीं आया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एन. रवि कुमार समेत करीब 30 विधायक शामिल हुए। सिद्दरामय्या ने कहा, ''उन्होंने मुझे एक अनुरोध पत्र दिया है। पत्र में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने मांग की है कि सरकार सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट को स्वीकार करे और इसे लागू करे। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह पिछड़े वर्गों का जाति सर्वेक्षण नहीं है, यह सात करोड़ कन्नड़ लोगों का सर्वेक्षण है।'' उन्होंने कहा कि देश में पहली बार कर्नाटक में ऐसा सर्वेक्षण किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया था, जब वही मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, ''....मुझे सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण प्राप्त हो गया है। मैं इसे कैबिनेट के समक्ष रखूंगा और चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा....मैंने विधायकों से भी कहा है कि इसे कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा, संभवतः 18 अक्टूबर को....हम कैबिनेट में चर्चा करेंगे और कैबिनेट जो निर्णय लेगी, हम उसी के अनुसार चलेंगे।'' जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व वाले आयोग ने कहा था कि रिपोर्ट 2014-15 में राज्य भर के जिलों के संबंधित उपायुक्तों के नेतृत्व में 1.33 लाख शिक्षकों सहित 1.6 लाख अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़े के आधार पर तैयार की गई थी, जब एच कंथाराजू इसके अध्यक्ष थे।

सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार (2013-2018) ने 2015 में 170 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से राज्य में सर्वेक्षण शुरू किया था। तत्कालीन अध्यक्ष कंथाराजू के नेतृत्व में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को जाति जनगणना रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया था। सर्वेक्षण का काम 2018 में सिद्दरामय्या के मुख्यमंत्री के रूप में पहले कार्यकाल के अंत में पूरा हुआ था। उसके बाद सर्वेक्षण के निष्कर्ष कभी रिपोर्ट के रूप में सार्वजनिक नहीं किए गए।

सिद्दरामय्या ने कहा कि ''कंथाराजू की अध्यक्षता वाले स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 2014 में सर्वेक्षण किया गया था। उन्होंने कहा, आयोग ने सर्वेक्षण करने में बहुत समय लिया और मुझे कंथाराजू ने बताया कि सर्वेक्षण घर-घर जाकर किया गया था।'

# 'एयर शो के बाद पांच लोगों की मौत गर्मी के कारण हुई'

चेन्नई। तमिलनाडु में मरीना बीच पर भारतीय वायुसेना के एयर शो के बाद पांच लोगों की मौत गर्मी के कारण हुई थी और सभी को मृत अवस्था में सरकारी अस्पतालों में लाया गया था। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने सोमवार को यह दावा किया। स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने राजनीतिक दलों और मीडिया से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की। सुब्रमणियन ने बताया कि मरीना बीच के निकट स्थित सरकारी अस्पतालों में भर्ती लगभग 100 लोगों में से सात लोग उपचाराधीन है और 93 लोगों का बाह्य रोगी के रूप में इलाज किया गया तथा पांच लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उपचाराधीन लोगों की हालत स्थिर है। मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम मौतों से इनकार नहीं करते, ये सभी मौतें गर्मी की वजह से हुई हैं, क्योंकि लोग सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक तेज धूप में रहे। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि हमने भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस के जश्न के लिए 15 लाख लोगों के लिए व्यवस्था की थी और यहां तक कि वायुसेना ने जो कहा था, उससे भी ज्यादा की व्यवस्था की थी।

